(2)

दिनांक : 19-09-2022

सेवा में,

श्रीमान जनसूचना अधिकारी
ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्लाट नं. 1, नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा
गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश - 201308

63922
21-9-22

विषय : सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत निम्न बिंदुओं पर सूचनाएं प्राप्त करने हेतु आवेदन|

महोदय ,

सविनय निवेदन है कि मेरे दिनांक पत्रों के आधार पर निम्न बिन्दूवार सूचनाएँ दिए हुए पते व् ईमेल पर देने की कृपा करें :

1. शाहबेरी से सम्बंधित ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण को मिली शिकायतों की सूचना दी जाये और उन शिकायतों पर की गई कार्यवाही की सत्यापित प्रतिलिपि के साथ सूचना दी जाये |
2. शाहबेरी में बनी अवैध बिल्डिंगों की सूचना दी जाये और उक्त अवैध बिल्डिंगों पर ग्रेटर नॉएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा की गई कार्यवाही की सूचना दी जाये |
3. शाहबेरी में अवैध बिल्डिंगों को बनाने वाले बिल्डर व् भू माफियाओं पर दर्ज एफआईआर की सूचना उनकी वर्तमान स्थिति के साथ दी जाये |
4. ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा मा. उच्च न्यायालय इलाहाबाद में दायर याचिकाओं सूचना उनकी वर्तमान स्थिति के साथ दी जाये |
5. शाहबेरी के अवैध निर्माण पर होम लोन न देने के सम्बन्ध में ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा बैंकों, वित्तीय संस्थानों और आरबीआई को दिए गए नोटिस/ प्रार्थना पत्र की सूचना उनकी वर्तमान स्थिति के साथ दी जाये |
6. शाहबेरी में हो रहे अवैध निर्माण को रोकने या अवैध निर्माण कार्यवाही करने के सम्बन्ध में ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश, जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर, उप जिलाधिकारी दादरी, दादरी रजिस्ट्रार और नोएडा पुलिस को दिए गए पत्रों की सूचना की सत्यापित प्रतिलिपि वर्तमान स्थिति के साथ उपलब्ध कराएँ |

P/o- PROJECT (W.C.-1)
R.T.I.-21066
22.9.22

Sachin Raghav PIO Proj W
23/9